
# हाजिर बाजारों में दाम बढ़ने से चीनी के शेयर लगे चढ़ने

दिलीप कुमार झा
मुंबई, 30 मार्च



**पिछले** कुछ वर्षों के दौरान चीनी कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई है, लेकिन भविष्य में इन कंपनियों की आमदनी में इजाफे की उम्मीद से इनके शेयरों की कीमतों में मार्च में भारी बढ़ोतरी हुई है। यह तेजी बुधवार को भी जारी रही और ज्यादातर चीनी कंपनियों के शेयरों की कीमतों में 19 फीसदी तक बढ़ोतरी हुई।

मुंबई की द्वारिकेश शुगर का शेयर इस महीने अब तक 97 फीसदी उछला है और यह बुधवार को 201.10 रुपये पर बंद हुआ। इसके बाद अपर गैंजेज शुगर के शेयर में दूसरी सबसे अधिक 95 फीसदी तेजी आई है, जो आज 111.10 रुपये पर बंद हुआ। हालांकि आज अपर गैंजेज शुगर के शेयर की कीमत में 19.3 फीसदी वृद्धि दर्ज की गई। वहीं धामपुर शुगर के शेयर में 15.4 फीसदी, बजाज हिंदुस्तान के शेयर में 9.3 फीसदी और बलरामपुर चीनी के शेयर में 7.8 फीसदी उछाल दर्ज की गई। चीनी और एथेनॉल का उत्पादन करने वाली श्री रेणुका शुगर्स ने मार्च में अपने शेयर की कीमत में 25.1 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की है। कंपनी का शेयर आज 4.8 फीसदी बढ़कर 14.60 रुपये पर बंद हुआ। सूत्रों ने बताया कि गन्ना आयुक्त ने खाद्य मंत्रालय के अधिकारियों से उत्पादन के आंकड़ों पर विचार-विमर्श करने के लिए मुलाकात की थी। केंद्र सरकार के अनुमानों के मुताबिक भारत में चीनी का उत्पादन घटकर 256 लाख टन रहने का अनुमान है, जबकि पहले उत्पादन 260 लाख टन रहने का अनुमान था। पिछले साल कुल चीनी उत्पादन 283 लाख टन रहा था।

भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) के महानिदेशक अविनाश वर्मा ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय चीनी संगठन (आईएसओ) ने इस साल वैश्विक चीनी उत्पादन में 50 लाख टन की कमी का अनुमान जताया है। कई साल तक सरप्लस उत्पादन के बाद यह कमी का पहला साल होगा और अगले साल भी उत्पादन में कमी के आसार हैं। इससे चीनी की वैश्विक कीमतों में सुधार आया है, जो तीन महीने पहले 11.5 सेंट प्रति पाउंड थी और अब 16 सेंट प्रति पाउंड पर आ गई है। भारत में भी चीनी की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, इसलिए भारत जब चीनी का निर्यात करना चाहे तब उसकी कीमतें वैश्विक कीमतों के मुताबिक होनी चाहिए।' दरअसल वाशी मंडी में चीनी के दाम बढ़कर इस समय 3,607 रुपये प्रति क्विंटल हो गए हैं, जो मार्च की शुरुआत के मुकाबले करीब 8 फीसदी अधिक हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि वायदा में भी चीनी की कीमतों में तेजी जारी रहेगी।